# कार्यालय आयुक्त
# आदिम जाति अनुसूचित जाति विकास,
# इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़

**Phone No.** 0771-2263708, **Fax No.**–2262558, **www.tribal.cg.gov.in**, **Email-prayas.ctd@gmail.com**

क्रमांक / प्रयास / 160 / 2024–25 / 18 नवा रायपुर, दिनांक 01 / 04 / 2025

प्रति,

आयुक्त,
जनसंपर्क संचालनालय,
रायपुर (छ.ग.)

विषयः– मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं (सत्र 2025–26) में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की तिथि का प्रकाशन बाबत्।

– – 000 – –

विषयांतर्गत विज्ञप्ति / सूचना क्र. / 160 / प्रयास / 2025 / 20 दिनांक 01 / 04 / 2025 की प्रति प्रकाशन हेतु संलग्न है। कृपया राज्य स्तर के प्रमुख एवं बहुप्रसारित समाचार पत्र जो राज्य के समस्त जिलों रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बेमेतरा, कोरिया, सूरजपुर, सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, कांकेर, जगदलपुर, नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कोण्डागांव, राजनांदगांव, महासमुंद, गरियाबंद, बालोद, धमतरी, कबीरधाम, कोरबा, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही, मुंगेली, सक्ती, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़–गंडई–छुईखदान, सारंगढ़–बिलाईगढ़, बलौदाबाजार, मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर, जांजगीर–चांपा तथा रायगढ़ (छ.ग.) में प्रसारित होते हैं, के समस्त संस्करणों मे प्रकाशित कराने का कष्ट करें। जिससे छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिलों में प्राक्चयन परीक्षा का समय–सारणी का प्रचार–प्रसार हो सके।

**संलग्न :– उपरोक्तानुसार**

01/4/25
**(पदुम सिंह एल्मा)**
आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
अटल नगर, नवा रायपुर छ.ग.

क्रमांक / 160 / प्रयास / 2024–25 / 19 नवा रायपुर, दिनांक 01 / 04 / 2025

**प्रतिलिपिः–**

1. **स्टॉफ ऑफिसर, प्रमुख सचिव,** छ.ग. शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, महानदी भवन, मंत्रालय नवा रायपुर (छ.ग.)।
2. **कलेक्टर**, जिला जिला – ..........................................................(छ.ग.) की ओर सूचनार्थ।
3. **वरिष्ठ निर्देशक (आई.टी.)**, NIC, महानदी भवन, मंत्रालय, नवा रायपुर की ओर उक्त परीक्षा की तिथि की सूचना एवं आवेदित विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र वेबसाईट https://eklavya.cg.nic.in/ अपलोड करें तथा अधोहस्ताक्षरकर्ता को अवगत करावें।
4. **सहायक आयुक्त (समस्त)**, आदिवासी विकास जिला ..........................................................की ओर सूचनार्थ प्रेषित कर लेख है कि प्राक्चयन तिथि की सूचना जिले में प्रकाशित होने वाले दो स्थानीय समाचार पत्रों (जिनकी पहुंच ग्रामीण अंचलों तक हो) में उपरोक्त विज्ञप्ति को लगातार तीन दिवस प्रकाशित करायें।
5. **प्रशासकीय अधिकारी,** प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालय, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा, जशपुर, कोरबा, बस्तर, कांकेर तथा रायगढ़ (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
अटल नगर, नवा रायपुर छ.ग.

# कार्यालय आयुक्त
# आदिम जाति अनुसूचित जाति विकास,
# इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़

**Phone No. 0771-2263708, Fax No.–2262558, www.tribal.cg.gov.in, Email-prayas.ctd@gmail.com**

क्रमांक / प्रयास / 160 / 2024–25 / 20 नवा रायपुर, दिनांक 01 / 04 / 2025

–:: विज्ञप्ति ::–

**विषयः– मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं (सत्र 2025–26) में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा की तिथि का प्रकाशन बाबत्।**

––000––

प्रयास बालक / कन्या आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025–26 की कक्षा 9वीं में प्राक्चयन परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र **विभाग की वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-Admission-Detail पर क्लिक करके दिनांक 03.04.2025 से दिनांक 20.04.2025 तक डाउनलोड** कर सकते है।

**परीक्षा तिथि का विवरण निम्नानुसार है :–**

| क्र. | विवरण | तिथि | समय से | समय तक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परीक्षा तिथि को उपस्थिति / रिपोर्टिंग | 20.04.2025 दिन–रविवार | प्रातः 9:00 बजे | – |
| 2 | कक्ष परीविक्षक (Invigilator) द्वारा परीक्षार्थी के OMR Sheet भराया जाना। | 20.04.2025 दिन–रविवार | प्रात 09:30 से | प्रात 10:00 तक |
| 3 | परीक्षा प्रारंभ एवं समाप्ति का समय | 20.04.2025 दिन–रविवार | प्रातः 10:00 बजे से | दोपहर 01:00 बजे तक |

**विद्यार्थियों हेतु अनिवार्य निर्देश :–**

1. परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी लगभग 01 घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहे, जिससे उनके मूल पहचान से उनका पहचान किया जा सके एवं परीक्षा केन्द्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सकें।
2. परीक्षार्थी सम्पूर्ण प्रवेश पत्र पूर्णतः डाउनलोड करें और नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार के दो फोटो सहित प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केन्द्र में जायें। परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जावेगा।
3. परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभांति परिचित हो जावें। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
4. परीक्षार्थियों को अपना फोटोयुक्त मूल आई डी. प्रूफ जैसे आधार कार्ड / विद्यालय का फोटोयुक्त परिचय पत्र इत्यादि परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जावेगा।
5. परीक्षार्थियों केवल नीले / काले बॉलपाईंट पेन का उपयोग करेंगे।
6. परीक्षार्थियों को कैलकुलेटर, मोबाईल फोन, पर्स, पाउच, स्कार्फ अथवा इलेक्ट्रॉनिक्स सामग्री ले जाया जाना पूर्णतः वर्जित है।
7. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र अथवा प्रवेश पत्र डाउनलोड के संबंध में कठिनाई होती है तो **संबंधित जिले के कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, कलेक्ट्रेट से** प्रातः 10:00 से सायं 5:30 बजे तक संपर्क कर सकते है।

01/4/25
**(पदुम सिंह एल्मा)**
आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
अटल नगर, नवा रायपुर छ.ग.